118

मध्यप्रदेश शासन
गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय

क्रमांक.एफ.3–89 / 2013 / बी–3 / दो, भोपाल, दिनांक 1/11/2013

प्रति,

पुलिस महानिदेशक,
पुलिस मुख्यालय
भोपाल

विषयः–12वीं पंचवर्षीय योजना वर्ष 2012–17 के अंतर्गत बड़े शहरों एवं संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी सर्विलेंस सिस्टम स्थापित किए जाने बावत् विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन की स्वीकृति जारी करने विषयक।

––00––

राज्य शासन एतद् द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012–17 के अंतर्गत बड़े शहरों एवं संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस सिस्टम स्थापित किए जाने के लिए निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान करता है :–

(1) जिला मुख्यालयों को शामिल करते हुए 61 नगरों की सीसीटीवी आधारित निगरानी हेतु परियोजना पर सैद्धांतिक सहमति दी जाती है।

(2) वर्ष 2013–14 के बजट में इस परियोजना के लिये उपलब्ध प्रावधान की सीमा के अन्दर परियोजना के क्रियान्वयन करने के लिए राशि रूपये 7.00 करोड़ (रूपये सात करोड़ मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती हैं।

(3) आगामी चरणों की परियोजना का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाए।

(4) अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के परिप्रेक्ष्य में चौदहवें वित्त आयोग के समक्ष भी इस परियोजना को प्रस्तावित ।

(5) जिन शहरों में नगर निगम हैं उन्हें इस परियोजना के क्रियान्वयन में प्राथमिकता दी जाये। सिंगरौली व कटनी शहरों को प्रारंभ के चरणों में शामिल किया जाए। तदनुसार परियोजना के क्रियान्वयन में वर्षवार चरणों को संशोधित कर अनुमोदित करावे।

(6) प्रदेश स्तरीय एक इंटीग्रेटेड डाटा सेन्टर बनाकर बाकी शहरों में कन्ट्रोल रूम के माध्य से योजना संचालित की जाये।

––

(7) कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरणों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था कर ली जाये, जिससे परियोजना संचालन में कठिनाई न हो। इस संबंध में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से भी परामर्श कर लिया जाये।

2/ उक्त व्यय मांग संख्या 03–2055–0101–राज्य आयोजना(सामान्य)–(5555)–बड़े शहरों एवं संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा 51–अन्य प्रभार मद के अंतर्गत विकलनीय होगा।

3/ यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. क्रं0 1116/1343/ब–8/चार/13 दिनांक 23.10.2013 की सहमति के प्राप्त करने के उपरान्त जारी की गई है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(लक्ष्मीकान्त द्विवेदी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,गृह विभाग

पृ.क्रमांक.एफ.3–89/2013/बी–3/दो,
भोपाल, दिनांक 1 /11/2013

प्रतिलिपिः–

1. महालेखाकार म0प्र0 ग्वालियर।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग मंत्रालय भोपाल।
3. सचिव, समन्वय मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव, कार्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
4. अति0 पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) पुलिस मुख्यालय भोपाल।
5. आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश पर्यावास भवन भोपाल।
6. संबंधित कोषालय अधिकारी.. मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

7. गार्ड फाईल।

1-11-13

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,गृह विभाग